सामान्य लोग पुण्य कर्मों को महान मानते हैं । क्यों? क्योंकि बहुत बड़े पंडित और गुरु लोग कहते हैं कि पाप नहीं करना है। और पुण्य करना है। इसलिए सामान्य लोगों समझते हैं कि हमें पुण्य कर्मों ही करना चाहिए ।

लेकिन योगी लोगों के हिसाब में, पुण्य कर्मों भी, अकर्म मानते हैं । इस विषय ने श्री श्याम चरण लाहिरी ने बताया है। उसने कहा है कि सामान्य लोग पुण्य कर्मों को ही 'कर्मों' मानते हैं, और कहा है कि, योगी लोगों के हिसाब में अकर्मों है । यहां 'अकर्म' का मतलब उस कर्मों से फल नहीं मिलता है।

पंडित लोग भी मानते हैं कि पुण्य कर्म ही बहुत महान हैं। लेकिन योगी लोग के हिसाब में, यह पुण्य कर्म कुछ फल नहीं देने वाला हैं। यह बाबा श्री श्याम चरण लहरी ने कहा है। लेकिन हमें संदेह आएगा कि हर कर्म का फल होगा न? और यह कैसे होगा कि फल नहीं देता है? यहां पर हमें गहराई में जाना है।

इस जन्म में, आपने बहुत पुण्य कर्म किए हैं। इसका फल यह होगा कि अगला जन्म में सुख भोगेगा, बहुत पैसा वाला होगा, लेकिन कितने सालों तक? जब तक तेरा पुण्य खत्म ना होगा? जब वह पुण्य खत्म होगा तब उसका आगे फल नहीं होगा ?

इसलिए योगी लोग इस पुण्य कर्म को भी अकर्म मानते हैं। देखिए आपके पास पैसे हैं, वह खर्च कर दिया है। अब तो आपके पास कुछ नहीं है न ?

इसलिए योगी लोग पूछते हैं कि वैसे कर्म हमें क्यों चाहिए? योगी लोग उन कर्मों को कर्म ही नहीं मानते हैं। इसलिए पत्री जी कहते हैं कि हमें ना पाप चाहिए, ना पुण्य भी चाहिए।

इसलिए जो भी कर्म, आत्मा को लाभ देता है ! 'जिस कर्म का फल, आत्मा को मिलता है'। उसी को योगी लोग 'कर्म' मानते हैं। मतलब जो कर्म आत्मा को जानने में, आत्मा को उन्नति मिलेगा, आत्मा को लाभ मिलेगा, वैसे ही कर्म को योगी लोग कर्म मानते हैं।

ऐसे कर्मों की वजह से ही हमें मोक्ष मिलेगा और जीवन का लक्ष्य हासिल करेंगे। सिर्फ और सिर्फ ध्यान ही, 'योगी लोगों' के हिसाब में 'कर्म' मतलब, जिससे फल मिलने वाला ही, कर्म को मानते हैं। वो बाकी कर्मों को अकर्मों मानते हैं, मतलब फल नहीं मिलने वाला कर्मों मानते हैं ।

क्योंकि? पुण्य कर्मों तत्कालीन भोग देने वाला भौतिक जीवन है। लेकिन जन्म राहित्य नहीं देते हैं। मतलब वह बंधन में रखते हैं, बल्कि बंधन मुक्ति नहीं करेंगे। मैं भी पत्री जी का परिचय होने तक, पुण्य कर्मों ही किया था, और वही महान मानते थे। लेकिन पत्री जी के परिचय के बाद, मुझे समझ आया है।

देखिए अगर हम भोगी लोग को कहेंगे कि ध्यान करने के लिए, वह कहेंगे मेरा जीवन ठीक है और वह पूछेंगे हमें ध्यान क्यों करना है ? लेकिन यहां अभी पुण्य खत्म हो जाएगा, तब अगला जन्मे मे नहीं बचेगा तब दुःखमय ही

होगा न ?

अभी हम हर रोज सुबह 3:30 बजे उठकर और 4:00 से 6:30 तक ध्यान क्यों कर रहे हैं? क्यों इतना कष्ट कर रहे हैं? इसलिए कि इस बंधन से निकलने का, और जन्म राहित्य, प्राप्त करने के लिए।

श्री कृष्ण भगवान 'निष्काम कर्म' करने को कहा था । इसलिए हमें बंध विमुक्त करने वाले ध्यान, निष्काम से करेंगे, बिना फल की अपेक्षा, कोई भी जीवन में उन्नति प्राप्त करेंगे।

इसलिए 'बिना प्रतिफल अपेक्षा से किए हुए ध्यान ही असली निष्काम कर्म है' यह जानना जरूरी है । यही मानव कर्मो में सबसे महान कर्म है । यही श्री कृष्ण भगवान ने भागवत गीता द्वारा बोध किया है।

ध्यान क्या है ?

अगर देखेंगे तो सब लोग मरने तक का ही सोचते हैं, और उसी को प्रमुखता देते हैं । मरने के बाद, ‘जो साथ में आने वाले विषयों’ पर ध्यान नहीं देते हैं । लेकिन मरने के बाद ‘साथ में आने वाले विषयों’ पर ही ‘अगला जन्म’ आधारित है ।

बहुत लोग रोते हैं कि मेरा जन्म ऐसा हो गया, या वैसे हो गया । लेकिन कोई भी उसको सुधारने के लिए नहीं सोचते हैं। सोचिए, यह जन्म शाश्वत है क्या ? नहीं है न? मतलब जो अभी है, वह शाश्वत नहीं है, और जो लोग अभी है वह भी कुछ समय के लिए ही रहेंगे ।

जब आपको यह जन्म पसंद नहीं है और आपका पसंद का जन्म चाहिए तो ? आपका ‘साथ में आने वाले विषयों पर ध्यान देना चाहिए। उस विषयों पर अवगाहन होना चाहिए। उनके प्रकार सही करना चाहिए, तब आपका भविष्य जन्म वैभवशाली होगा ।

इसलिए समझदार लोग ‘साथ में आने वाले विषयों’ पर ध्यान देते हैं । इसलिए हम इन विषयों को अधिक प्रमुखता दे रहे हैं। और गहराई में विश्लेषण कर रहे हैं ।

साथ में आने वाले विषयों ।

1. वासनायें, मतलब इच्छाएं या आशक्तियां ।
2. संस्कारों, मतलब आदतें ।
3. कर्मों ।
4. ज्ञान ।

इन्हीं के बारे में हम बात कर रहे हैं ।

अब हम कर्मों के बारे में बात कर रहे हैं। इन कर्मों के बारे में सबको अवगाहन होना चाहिए। यह बहुत महत्वपूर्ण है। इस जन्म में किए हुए कर्मों पर ही आपका भविष्य आधारित है। इसलिए कर्मों कितने प्रकार के हैं ? कैसे

कर्मो करना चाहिए? कौन सा कर्म हमें लाभदायक है? सब जानना चाहिए ।

कर्मों तीन प्रकार के करने वाले होते हैं, पहले बात कर चुके हैं।

कुछ लोग जो प्रारंभ जन्मों में होते हैं, वह पाप कर्मों करते हैं । कुछ लोग मध्यम जन्मों में होते हैं और वह पुण्य कर्मों करते हैं। जो आखिरी जन्मों में होते हैं वह मुक्ति कर्मों करते हैं। इन मुक्ति कर्मों के बारे में, जो लोग ध्यान मार्ग में और ज्ञान मार्ग में होते हैं, उन्हीं को समझ आते हैं ।

श्री कृष्ण जी ने कहा है कि बिना कुछ प्रतिफल अपेक्षा रखकर, ध्यान (मतलब श्वास पर ध्यास) करेंगे, वही असली निष्काम कर्म होगा ।

इसी को ओशो ने कहा है कि 'बिना प्रतिफल अपेक्षा और निस्वार्थ मनोस्थिति ही ध्यान है'।

निस्वार्थ, मतलब बिना कुछ करना या, बिना कुछ सोचना, रहने वाले मनोस्थिति ही ध्यान है, ओशो कहते हैं।

इसीलिए जानिए की अगर प्रतिफल अपेक्षा रखते हैं, वह ध्यान नहीं होता है। सिर्फ वैसे ध्यान, जो बिना कुछ प्रतिफल अपेक्षा, करने से ही मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं।

अभी हम बिना कुछ संकल्प और इच्छाओं के बिना, वही काम कर रहे हैं। हमें मालूम है कि 'जब जो करना है करेंगे, तब जो आना है वह आएगा'। इसलिए बिना प्रतिफल अपेक्षा के साथ 'श्वास पर ध्यास' रखकर ध्यान कर रहे हैं।

सुबह हम लोग जूम में भाग ले रहे हैं, और हर महीना भीमावरम क्लास में भी, घंटे तक ध्यान कर रहे हैं। आखिर में यही हमें मोक्ष प्राप्त करने में सहायक करेगा।

इसको समझने के लिए ओशो ने एक कहानी बताई। उस कहानी को अभी जानते हैं।

एक व्यक्ति ने मोक्ष प्राप्त करने के लिए बहुत प्रयास कर रहे थे। बहुत लोगों से मिलता था। तब एक आदमी ने उन से कहा था कि, हिमालय में एक गुरु है। अगर आप उनसे मिलेंगे, आसानी से आपकी इच्छा पूरी हो जाएगी।

तुरंत उसने अपना सारा संपत्ति को बेचकर, पैसे लेकर हिमालय को चले गए। हिमालय तो छोटे जगह नहीं है न? वहां पर बहुत प्रदेश में घूमा है? सारे पैसे खर्च कर दिया। फिर भी वह गुरु नहीं दिखा।

ऐसा घूमते-फिरते, किसी ने उनसे कहा है कि , इन हिमालयाओं में एक जगह है, वहां पर एक बुजुर्ग आदमी है, और वह बहुत शक्तिशाली है, और महिमाएं कर सकते हैं ......शायद आप उन्हीं को ढूंढ रहे हो । तुरंत उस व्यक्ति का आशा से, इस आदमी ने उस जगह को गया और ढूंढना शुरू किया ।

लेकिन, उसको, वह आदमी नहीं मिला। सारे आहार, जो साथ लाए थे ,वह खत्म हो गया था। कुछ खाने को नहीं था, और पूरा शरीर शक्तिहीन हो गया और चल नहीं पाया और गिर गया जमीन पर। इस वक्त उनको थोड़ा दूर में एक छोटा सा झोपड़ी दिखाई दिया। उसको लगा था कि, जिस गुरु को ढूंढ रहा था, वह उसी में हो सकता है।

और तुरंत उसने अपने आप को खींचकर, वहां तक पहुंच गया। अंदर देखा, लेकिन कोई नहीं मिला।

उस पल में उसको निराश हुआ। और नीचे गिर गया। थोड़ी देर बाद उसको कुछ आवाज सुनाई दिया। एक बुजुर्ग व्यक्ति का आवाज सुना था। उसने पूछा, भाई साहब, आप जो ढूंढ रहे हो, वह मिल गए हैं क्या ? इस व्यक्ति 'हूँ' कहा था। ध्यान का मतलब समझा? पूछा था। इस व्यक्ति 'हूँ' कहा था।

बाद में आवाज देने वाले व्यक्ति नहीं दिखा। मगर इस क्षण में क्या हुआ? जब उस झोपड़ी में कोई नहीं दिखा, उसमें निराशा हुआ और सारे इच्छाएं गायब हो गए हैं और मन कुछ भी नहीं मांगा। उसमें कोई भाव नहीं था, और सारे आशाओं के साथ-साथ 'मोक्ष', पाने का आशा भी गायब हो गया।

उस पल उसको ज्ञानोदय हुआ। उसका मन शून्य हो गया। तुरंत उसने अपने बारे में जान लिया। उसने जो चाहा वह पा लिया। अनंत आनंद का अनुभव पाया है। ध्यान का मतलब जान लिया है।

हमें यहां पर समझ आता है कि .....उसने तब तक मोक्ष पाने के लिए बहुत कष्ट किया। लेकिन जब वह निराश हुआ, उसी आखिरी इच्छा को भी

छोड़ दिया। उसी पल को उसको ज्ञानोदय हुआ। सब कुछ जान लिया। बहुत आनंद पाया जो अब तक नहीं मिला। मतलब आत्म साक्षात्कार हुआ है।

अभी 'ओशो' का यह कहानी सुनकर हमें समझ आया है, 'असली निष्काम कर्म, वही है जो बिना प्रतिफल अपेक्षा का किया हुआ ध्यान ही है'।

श्री कृष्ण भगवान ने भी कहा है कि निष्काम कर्म का मतलब, बिना प्रतिफल अपेक्षा किया हुआ ध्यान ही है। उसी को 'कर्म योग' को कहते हैं। इसलिए, कोई भी, 'बिना प्रतिफल अपेक्षा ध्यान' करना चाहिए।

इसलिए अगर हम में कोई भी आशा या इच्छा रहेगी, तब हम उस परिपूर्ण स्थिति को नहीं पाएंगे । मतलब आत्म साक्षात्कार नहीं पाएंगे।

हममें ममकारें होते हैं, इच्छाएं होते हैं, आशाएं होते हैं। इनमें एक भी होने पर, हम उस स्थिति नहीं पहुंच पाएंगे, ना आत्म साक्षात्कार पायेंगे। इसलिए हमें यह समझना है कि धीरे-धीरे अपने साधना के सहारे उस स्थिति तक पहुंच पायेंगे। ऐसा व्यक्ति से बड़ा कोई भाग्यशाली नहीं है।

कर्म में अकर्म - अकर्म में कर्म

- श्री कृष्ण भगवान।

हम मरने के बाद 'साथ में आने वाले विषयों' पर बात कर रहे हैं ।

अब हम, कर्मों के बारे में बात कर रहे हैं। अगर अपना भविष्य जीवन अच्छा होना है, तब हमें कर्मों पर ज्यादा ध्यास रखना चाहिए।

आज हम श्री कृष्ण जी का एक और श्लोक के बारे में बात करेंगे। क्योंकि जो भी श्री कृष्ण ने कहा वह बहुत मुख्य है। बिना जानकर अगर हम कर्मों करते हैं, खुद को नष्ट होगा।

हम सोचते हैं कि हम बहुत महान काम कर रहे हैं। लेकिन जब हम महान लोगों के बातों को ना समझ कर, हमारी इच्छा अनुसार वह करेंगे, तब आशा करने वाला फल नहीं मिलेगा। हमें नष्ट होना पड़ेगा। इसीलिए श्री कृष्ण जी का श्लोक, अध्याय 4 और शोक 18 को जानते हैं।

श्लोकः कर्मण्यकर्म यः पश्येदकर्मणि च कर्म यः ।

स बुद्धिमान्मनुष्येषु स युक्तः कृत्स्नकर्मकृ ।। (भ.गी.4-18)

तात्पर्यः जो भी कर्म में अकर्म और अकर्म में कर्म को देखता है, वह सबसे बड़ा बुद्धिमान है। वही योगी बनेगा। वहीं सकल कर्मों को आचरण कर रहा है।

क्योंकि सबके लिए मन ही कारण है, कर्म करने वाला को और कर्म नहीं करने वालों को, अपना भाव के आधार ही फल मिलेगा, और उनके कर्मों के आधार पर नहीं। यही विषय श्री कृष्ण परमात्मा ने ऊपर श्लोक में बताया है। यह बात बहुत लोगों को समझ नहीं आ रहा है और वह लोग कर्म को देख रहे हैं, लेकिन उसके पीछे भाव को नहीं समझ पा रहे हैं। जो भी श्री कृष्ण परमात्मा जैसे बहुत महान योगी ने कहा , सामान्य लोगों को समझना मुश्किल है, और समझ नहीं पाते हैं।

बहुत लोग पूजा, आराधना करते हैं। क्योंकि भगवान उनके इच्छाओं को पूरी करता है। मतलब उनका भक्ति उन इच्छाओं पर है, बल्कि भगवान

पर नहीं। मतलब उनका बाहरी कर्म भगवान के ऊपर है, लेकिन भाव तो इच्छाओं पर है। यह स्पष्ट हो रहा है।

लेकिन ऊपर श्लोक के द्वारा हमें जानना है कि बाहर की कार्य से ज्यादा अपना भाव प्रधान होने से, इनका भक्ति भगवान के ऊपर ना रहने पर, भगवान का अनुग्रह नहीं पा रहे हैं। इसलिए भाव शुद्ध होना चाहिए, मतलब सिर्फ बाहरी कार्य में ही नहीं, भाव में भी अपने कर्म को निष्काम रखना है, यही कहा गया है।

एक छोटा सा उदाहरण देखते हैं। दो साधु लोग चल रहे थे.... बीच में एक नाला आया था। और जब वह उस नाला को पार करने जा रहे थे, एक लड़की जिसको तैरना नहीं आया, वहां रुक गई थी। जब इन साधु लोगों को देखी थी उसने उस नाला का उस पार पहुँचाने की मदद मांगी थी। तुरंत उन दोनों में एक साधु अपना कंधों पर उठाकर, उसको दूसरा पार तक पहुंचा दिया। बाद में दोनों साधू अपने रास्ते में चल पड़े। थोड़ी देर बाद दूसरा साधू ने पहले साधू से पूछता है कि, वह स्त्री को छूकर अपराध किया है। अगर यही विषय अगर गुरु जी को मालूम पड़ेगा, तो क्या होगा? तब पहले साधु कहता है कि हमने दो मील दूरी तक आ गए हैं, और अभी तक आपने उस औरत को भूला नहीं है? मैंने वही के वहीं छोड़ दिया था। आश्चर्यचकित होकर पूछता है। यहां पर यह हुआ कि पहले साधु जिसने औरत के मांगने पर नाला को पर करवाया था, लेकिन दूसरा साधू ने उस औरत को छुआ नहीं ,लेकिन उस औरत के बारे में सोचता रहा है।

यहां हमें समझना है कि जबकि दूसरा साधू उस औरत को छुआ नहीं, उनके मन में वही भाव रहने पर, 2 मील चलने के बाद भी, उस औरत को भूल नहीं पाया। भौतिक कर्म न करने पर भी उसने कर्म किया है। पहले साधु जबकि उस औरत को छुआ, सिर्फ उसकी मदद करने के लिए ही, बिना दूसरे भाव रखकर, वह कर्म नहीं किया है।

इसलिए श्री कृष्ण का कहना है 'कर्म में अकर्म' का मतलब, कर्म कर

कर भी अगर भाव शुद्ध है, तब पहले साधु की तरह कर्म नहीं करने वाला हो गया।

इसी प्रकार दूसरा साधू जबकि कर्म नहीं किया , वह कर्म करने वाला हो गया है। इसी को 'अकर्म में कर्म' कहते हैं। यही विषय, ऊपर श्लोक में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं।

पत्री जी का क्रोध ।

इसी प्रकार बहुत लोग पत्री जी को देखकर वह कहते हैं भगवान और उसको इतना क्रोधित है ? कुछ लोग बाहर नहीं कहते हैं, लेकिन अंदर कहते हैं। जो भी उनके साथ नजदीक है, वह भी समझ नहीं पाते हैं ।

लेकिन पत्री जी का क्रोध, उन लोगों पर नहीं, बल्कि उनके भाषा पर, वाक्यों पर, काम पर, और उनके अज्ञानता पर होता है। हर समय उन लोगों का जीवन को सुधारने के लिए , क्रोध दिखाते हैं। बल्कि उन पर द्वेश नहीं है। या बदलापन के लिए करते नहीं है ? क्योंकि उनका कोई शत्रु नहीं है। इसलिए बाहर दिखता है कि वह कर्म कर रहे हैं लेकिन वह अकर्मी है, मतलब कर्म नहीं करने वाला है। यही विषय बहुत गुरुओं में भी देख सकते हैं।

इसी प्रकार वह मानते हैं कि जो भी उनके पास आते हैं, वह सब ज्ञान पाने के लिए आए हैं। और जो भी ज्ञान पाने आते हैं कोई भी गुरु उसका अहंकार को तोड़ने का प्रयत्न करता है। शिष्य लोगों के अहंकार का स्थिति देखकर कभी उस पर क्रोधित होता है, या परेशानी होता है, या उसकी तरफ नहीं देखता है, कभी उसे प्यार दिखाता है, या झप्पी, या किसी को थप्पड़ भी पड़ सकता है। ऐसे कई प्रकार के होते हैं।

गुरु का व्यवहार एक जैसा नहीं होता है। शिष्य के ऊपर आधारित है। शिष्य में अहंकार को निकाल कर ज्ञानी बनने को प्रयत्न करता है। यही प्रयत्न पत्री जी का भी है। इसलिए वह कर्मो करते हुए भी वह अकर्मी है। कोई भी कर्म उसे नहीं छूता है। श्री कृष्ण भगवान ने भी यही कहा है। ऐसे पत्री जी को सामान्य लोग कैसे समझेंगे?

वह क्रोधित हुए समझ कर और अगर कोई चले जाएंगे, तो किसको नष्ट

है? उसके पास जो ज्ञान है , वह कैसे मिलेगा? वह ज्ञान देने वाला कौन है? खुद को नष्ट होगा? हमारी भलाई के लिए जो कर रहा है, अगर वह उल्टा समझते हैं, तब वह क्या करेगा?

कुछ लोग ऐसे भी हैं, जब पत्रीजी दूसरों को डांटते हैं, तब यह कहते हैं कि वह क्यों डांट रहे हैं, और वह छोड़कर चले जाते हैं।

गुरु का चर्यों को किसी को समझ नहीं आता है। हर वक्त एक जैसा नहीं होता है। जो भी गुरु करते हैं हमें उसे पर ध्यास नहीं देना, सिर्फ अपने कर्मों पर और ज्ञान पाने पर ध्यास रखना चाहिए।

यही काम मैंने किया है। मुझ में जो भी कमियों थे उसको ठीक किया हूं। इसलिए यहां तक पहुंच पाया हूं।

इसीलिए हर एक को यह समझना है। श्री कृष्ण भगवान का श्लोक और पत्री जी का व्यवहार को भी।

हम सब ज्ञान मार्ग में आ चुके हैं। अवतार मेहर बाबा बहुत स्पष्ट से कहा है। मुमुक्षु को, मतलब साधना के लिए, एक गुरु का सहायता बहुत जरूरी है।

साधक अपने आप प्रयत्न कर सकते हैं, अपने घर बैठकर कर सकते हैं, पुस्तक पढ़ सकते हैं। लेकिन गुरु का सहायता बिना, मध्यस्थ स्तरों पर फंस जाएंगे । छंटवा स्तर को पार करना नामुमकिन है।

इसी के ऊपर मैंने एक पुस्तक लिखा, 'मेहर बाबा के संदेश' । उसको जरूर पढ़िए । आपको सही मार्गदर्शन मिलेगा।

क्योंकि हमें, बिना मालूम ही, इस माया लोक में गिर जाते हैं । और उस गुरु के मार्गदर्शक्ता से फिर हम सही रास्ते पर चलने का अवसर मिलता है।

इसलिए, सब को इस विषय को समझना है। तब हम उसको आचरण में ला सकेंगे, तो बहुत जन्मों की जरूरत नहीं पड़ेगा। बहुत ही कम जन्मों में हम अपना लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।

ज्ञान ।

कोई भी अपना जीवन में साथ में आने वाले विषयों को ज्यादा प्रमुखता देना चाहिए , और अपने साथ सही विषयों को लेकर जाना चाहिए। अपने साथ, मतलब आत्मा को जो लाभदायक होगा वो ही लेकर जाना चाहिए। बल्कि आत्मा को नष्ट करने वाले विषयों लेकर जाएगा तो उससे अकलमंद वाला कोई नहीं होगा।

इसलिए अगर मालूम होगा कि कौन से विषयों को लेकर जाना, और अपनी कृषि से अगर वह पाएंगे ? तब उससे बड़ा किस्मत वाला कोई नहीं होगा।

विचित्र की बात यही है कि, सब लोग धन संपत्ति पर, और सांसारिक जीवन पर, अपना पूरा जीवन बिताते हैं। लेकिन उसमें एक भी चीज़ साथ में नहीं आने वाला है। उसके ऊपर वह सब पाने के लिए कई तरह के पापों और गलतियां करते हैं। क्या होगा? इस पापों का फल साथ में ले जाना पड़ता है। तब उनका भविष्य नाश हो जाता है। इसलिए साथ में लेकर जाने वाले विषयों पर अवगाहन होना चाहिए।

अब हम साथ में आने वाले विषयों का ज्ञान के बारे में बात करते हैं।

ज्ञान 'भी साथ में आता है'। यह ज्ञान किसी को भी शाश्वत होता है। ज्ञान उतना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा जो कुछ भी हो वह सब अशाश्वत है। सिर्फ ज्ञान शाश्वत है।

पत्री जी ने अपने बारे में क्या कहते हैं? अगर वह उतना ज्ञान बांट सकता है तो? अपने पिछले जन्मों में कठोर कृषि किया है। पहले बुद्ध के पास आनंदा रहा था, उसके बाद एक जन्म में बेंजामिन फ्रैंकलिन नामक एक बहुत महान आत्म साक्षात्कार हुए मास्टर था, बाद में उड़ीसा में एक जीवन पर्याप्त ध्यान ही किया था, बाद में हैदराबाद में 'हजरत इनायत खान' नामक सूफी मास्टर था, बाद में इस जन्म में पत्री जी की नामक जन्म लिया है।

उसके पास बहुत बड़ा ज्ञान का भंडार है। और सब इस जन्म में बाहर आया है। इसीलिए कुछ ही कम समय में इतने सारे लाखों लोग उसके शिष्य बन गए हैं।

क्योंकि सबको चाहिए ज्ञान। जो भी ज्ञान कांक्षा से है, वह सब पत्री जी से आकर्षित हुआ। हम सब भी उसी प्रकार आकर्षित हुए हैं। उनको यह सब ज्ञान और टैलेंट कहां से आया है? मुझे समझ में आया है कि अपने पिछले जन्मों का ही है।

मैं भी ध्यान करने के बाद बहुत पुस्तक लिखा था । बहुत सारे क्लासों बता रहा हूं, बहुत जगह पर जा रहा हूं। मुझे भी समझ आया है कि मेरे पिछले जन्मों का किया हुआ कृषि से ही मैं यह सब कर रहा हूं। यह सब मैं क्यों बता रहा हूं ? यह समझने के लिए कि अपने-अपने पिछले जन्मों में पाया हुआ ज्ञान इस जन्म को भी आएगा।

न सिर्फ मुझे ही, आपका भी पाया हुआ ज्ञान साथ में आएगा। इसलिए मैं कहता हूं कि आप सब लोग किस्मत वाले हैं।

क्योंकि आप सब लोग भी ज्ञान कांक्षा से ही मेरे पास आए हैं। बहुत श्रद्धा से हर दिन बहुत लोगों इसमें शामिल है। अगर आप में आशक्ति नहीं है तो आप नहीं आएंगे न? न केवल सुबह का जूम क्लास, भीमावरम क्लास में भी आ रहे हैं। आपका अभी जो कृषि और काम, कष्ट और प्रयत्नों का बेकार नहीं होगा। जरूर आपका भविष्य में वह सब कुछ लाभ ही देगा। आपको जल्द ही अपने जीवन लक्ष्य की ओर ले जाएगा।

इसलिए अपने परिस्थितियों को देखकर, मतलब घर का, या आरोग्य, या आर्थिक, या सामाजिक, आपको चिंतित होने का जरूरत नहीं है। इसी मार्ग में आ गया है, आपको बहुत गर्व होना चाहिए। देखिए दुनिया में करोड़ों लोग हैं। उसमें से इस ज्ञान मार्ग में कितने लोग आए हैं? आखिर में इस ध्यान न मार्ग में आकर भी इस ज्ञान को प्राप्त करने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। उनको ज्ञान पर आशक्ति नहीं है। वह सब लोग अपना शारीरिक और प्रपंचिक लाभ

ही देख रहे हैं, उसी के लिए ध्यान कर रहे हैं। इसलिए इस ज्ञान मार्ग में आने वाले आप लोग बहुत ही महान हैं।

इसलिए आपके अंदर कुछ-कुछ वासनाओं, और संस्कारों को बदलाव के लिए मैं प्रयत्न करता हूं। कभी-कभी ऊंची आवाज में बोलना पड़ता है। लेकिन मुझे पता है कि आप सब लोग बहुत उच्च स्थिति में है। मैंने पत्री जी के विषय में भी देखा था। उसने मुझे कभी भी शाबाश नहीं बोला था, जितना भी बड़ा काम करने पर भी। कभी-कभी बीच में मैं सोचता था कि यह क्या है? लेकिन बाद में मुझे समझ आया था कि, अगर वह शाबाशी करेंगे तो मुझ में अहंकार बढ़ेगा। लेकिन उनके व्यवहार को देखते ही मुझे समझ आया था कि वो मुझे पसंद करते थे। इसलिए मैं शाबाशी का आश्वासन नहीं करता था।

इसलिए याद रखिए। अभी जिस ज्ञान के बारे में हम बात कर रहे हैं वह भी साथ में आने वाली है। इस ज्ञान से हमें अच्छा ही होगा, लाभ और मोक्ष भी पा सकेंगे। इसलिए जो भी ज्ञान थोड़ा प्राप्त किए हैं, और प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए और बढ़ाना चाहिए।

इसके लिए वशिष्ठ महर्षि का आध्यात्मिक त्रिरत्न को जानते हैं।

1. साधना
2. स्वाध्याय
3. सांगत्य

इन तीनों को त्रिकरण शुद्ध से पालन करना.... और इसके लिए जितना हो सकता है कृषि करना चाहिए।

इसलिए , असली में ज्ञान का मतलब क्या है? ज्ञानी लोगों का व्यवहार कैसे होता है? अज्ञानी लोगों का व्यवहार कैसे होगा? इन विषयों के बारे में जानते हैं । तब हम किस स्थिति में हैं? उसमें से कितने को पालन कर रहे हैं? और आगे क्या पालन करना है? यह सब हमें समझ आएगा । तब हम उसको प्राप्त कर कर पालन कर सकेंगे। किसी को हमें बताने की जरूरत नहीं है। अगर ज्ञान बड़ा है कि नहीं? अपने ही व्यवहार से खुद को पता लगता है।

इसलिए जब हम उन्हें जानेंगे, हमें किस में कमी है पता होगा। किसको पालन कर रहे है? और किसको हमें ठीक करना है? यह सब हमें अच्छी तरह समझ आएगा। क्योंकि ज्ञान पाने वाले के व्यवहार में बहुत बदलाव आएगा, उसका सोच भी अलग होगा, बात करने का तरीका भी , और अपने कर्मों में भी और इच्छाओं में भी, फर्क दिखेगा ।

पहले हम ज्ञान क्या होता है, उसे जानते हैं। ज्ञान का मतलब, जो है, उसको जानना। और उसको पालन करना , 'विज्ञान' होता है। सृष्टि में एक ही रहता है, 'आत्मा'। और बाकी नहीं रहने वाले हैं। इसलिए रहने वाले आत्मा के संबंधित ज्ञान को प्राप्त करना चाहिए। इस ज्ञान से ही हम दुख से बाहर निकलेंगे।

अगर देखेंगे तो दुनिया में बहुत लोग दुखी हैं। कुछ लोग आनंद में जीते हैं, कुछ लोग दूसरों की सेवा में हैं, और कुछ लोग दूसरों को हानि करते हैं और नष्ट करते हैं। वैसे ही कुछ लोग पाप कर्मों करते हैं, और कुछ लोग अच्छे कर्मो करते हैं।

और कुछ लोग बिना भगवान को जानकर, पूजा करते हैं और आराधना करते हैं। बहुत ही कम लोग भगवान का आत्म तत्व को जानकर ध्यान करते हैं। मानवों का व्यवहार ऐसे क्यों होता है ?

क्योंकि, मानव को भगवान के बारे में और भगवान का सृष्टि पर ज्ञान नहीं है। ऐसे लोगों को अज्ञानी कहते हैं। जिनको है वह ज्ञानी कहलाते हैं। इसलिए अगर हम देखेंगे तो ज्ञानी लोगों को व्यवहार और अज्ञानी लोगों का व्यवहार अलग होता है।

एक प्रकार कहना है तो? अगर किसी को कष्ट है मतलब वो सृष्टि के खिलाफ, और सृष्टि धर्मों के खिलाफ जी रहा है। और उनका अज्ञानता ही कारण है। इसलिए अगर इस दुख से बाहर निकलना है तो आपको अज्ञानता से बाहर आना है, ज्ञान प्राप्त करना है, और आध्यात्मिक त्रिरत्न को पालन करना है ।

तब किसी को भी धीरे से ज्ञान बढ़ेगा। इसलिए ज्ञान बढ़ाने पर कैसे बदलाव आते हैं, अब जानते हैं ।

1. सहज बात है कि, एक ज्ञानी, प्रापंचिक विषयों पर विरक्त होकर रहता है। मतलब संसार, धन, बच्चे पर, ज्ञानी को आशक्ति नहीं होता है।

लेकिन अज्ञानी प्रापंचिक विषयों पर आशक्ति दिखाता है। आत्मा के विषयों पर विरक्ति दिखाता है। आत्मा के बारे में या ज्ञान के बारे में बात करने पर भी, मन नहीं रखता है।

यहां पर जानना है कि, ज्ञानी और अज्ञानी लोग अलग-अलग स्तर पर होते हैं। जितना ज्यादा प्रापंचिक विषयों पर अनाशक्ति रखते हो, मतलब उतना ज्ञान प्राप्त किया है। यह बात किसी से पूछने की जरूरत नहीं है।

बड़े लोगों को कहावत है 'विषय विरक्ति और आत्म आशक्ति' होना चाहिए।

इसलिए यह कितना प्रतिशत है, अपने अंदर देखिए। और उसको बढ़ाने को कोशिश कीजिए।

यहां पर विरक्ति का मतलब, छोड़ना नहीं, लेकिन ममता नहीं रखना है। पत्री जी ने किसी को संसार को छोड़ने को नहीं कहा, या कमाई छोड़ने को नहीं कहा, न हीं अपने सुखों को त्याग करने को बोला था। सब कुछ अनुभव करते ही, जो करना है उसको करना है।

'संसार में ही निर्वाण' का अचार्य नागार्जुन का कहावत ही, हमें पत्री जी ने बताया।

2. ज्ञानी दुख में भी आनंद में रहता है। लेकिन अज्ञानी आनंद में भी दुखी रहता है।

जानिए की, ज्ञानी लोग दुख में भी रोते नहीं। अपना जीवन ऐसे क्यों हुआ, सोचते दुखी नहीं रहेगा। हर वक्त आनंद में ही रहता है। लेकिन किसी को कुछ हो गया तो, वह उसकी सेवा करता है, और थोड़ा उपशमान देता है।

इसलिए अगर रो रहे हैं, मतलब आप अज्ञानी है ? ऐसे लोग अपने

करीब लोगों को भी सहायता नहीं देता है ।

3. ज्ञानी, अपनी इच्छाओं को सीमित रखता है। लेकिन अज्ञानी अपनी इच्छाओं को बंदी होता है।

ज्ञानी अपने इच्छाओं को सीमित क्यों रख सकता है? क्योंकि वह 'श्वास पर ध्यास' रखकर कठोर ध्यान करता है और अपना मन को सीमित रखता है। और इससे इच्छाओं को भी सीमित हो जाते हैं।

अज्ञानी ध्यान नहीं करता और मन भी नियंत्रण में नहीं होता है। इसलिए न केवल उनका इच्छाओं सीमा में नहीं रहेगा, ना उनका अरिशढ वर्गो भी, अपने हाथ में नहीं रहेगा।

4. ज्ञानी को आशा नहीं होता, लेकिन अज्ञानी सब पर आशा जताता है।

ज्ञानी ना किसी को देखकर, किसी चीज को देखकर, यह देखकर, वह देखकर, आशा नहीं जताता है। लेकिन अज्ञानी जिस चीज को भी देखा वह चाहता है। वह कभी संतुष्टि नहीं होता है ।

कुछ दिन पहले यूट्यूब में देखा था कि, सिनी हीरो, प्रभास, को 10 गाड़ी है, 9 करोड़ वाला, 8 करोड़ वाला, आदि । लेकिन सब में थोड़ी घूमेगा?

मुकेश अंबानी को मुंबई में बड़ा सा महल है। इसमें 24 ताले वाला महल में सिर्फ 6 मंजिल में पुराने गाडियां ही रखते हैं। समझिए कितने गाड़ी होंगे।

मैं यह सब क्यों बता रहा हूं ? कोई भी अपने पास जो है, उससे संतुष्ट होकर उसी के हिसाब से जीना चाहिए। दूसरों से कभी तुलना नहीं करना चाहिए। क्योंकि? आपको लाभ देने वाला ज्ञान ही है, और साथ में आने वाला भी ज्ञान ही है। उसी को बढ़ाने को प्रयत्न करना चाहिए। हमें क्या करना है जो हमारे पास नहीं है? दिखावटों की क्या जरूरत है? हमें क्या लेना देना दूसरों के कर्मों से?

5. एक ज्ञानी ज्ञान को बढ़ाता है । और इस ज्ञान उनको रक्षा करती है। लेकिन अज्ञानी अपना धन को बढ़ाता है। और उस धन को खुद को रक्षा करना है। कोई दूसरा नहीं करेगा।

6. एक ज्ञानी संतुष्टि में जीता है। और अज्ञानी असंतुष्टि रहता है, जितना भी हो।

7. ज्ञानी जो है वही बांटता है। अज्ञानी बांटता नहीं पाता।

ज्ञानी, अगर उनके पास 100 रूपये हैं वह 10 रूपये देता है। और लाख है तो हजार या 10000 रूपये कुछ देता है। लेकिन अगर आप दे नहीं पा रहे हो मतलब आप अज्ञानी है।

8. एक ज्ञानी बिना दे नहीं रह सकता, मगर अज्ञानी दे नहीं पाता।

9. आत्मज्ञानी सब कुछ एक ही समझता है। लेकिन अज्ञानी सब अलग अलग समझता है।

10.आत्मज्ञानी सबको प्रेम करता है। और सबको समान मानता है।

लेकिन अज्ञानी सबको द्वेश करता है। अपने लोगों को अलग और दूसरों को अलग देखता है। एक प्रकार से राग और द्वेष दिखाता है।

11. ज्ञानी दूसरों के बारे में सोचता है। पत्री जी दूसरों के बारे में ज्यादा सोचा था। लेकिन अज्ञानी सिर्फ और सिर्फ अपने लोगों के बारे में ही सोचता है।

12. ज्ञानी दूसरों के आनंद के लिए कष्ट करता है। लेकिन अज्ञानी अपने ही आनंद के लिए सोचता है।

13. ज्ञानी लोक कल्याण के लिए काम करता है। उसी को बढ़ावा देता है ,और सहकार करता है। लेकिन अज्ञानी ऐसे कार्यक्रमों नहीं करता है, न प्रोत्साहन देता है।

14. ज्ञानी निषिद्ध कर्मो नहीं करता है। इसलिए उसको कष्ट नहीं होता और केवल जो कर्म करना है उसी को करता है। सबको लाभ देने वाला काम ही करता है। इसलिए भविष्य में सब आनंद ही होगा, लाभदायक होगा और दुख नहीं होगा।

लेकिन अज्ञानी सब निशिद्ध कर्म करता हैं। सबको नष्ट करता है, और आखिर में कष्ट मिलता है, और दुख में जीता है।

15. ज्ञानी दूसरों में महानता और विशिष्टता देखता है। लेकिन अज्ञानी दूसरों का कमियों को देखता है। जो लोग दूसरों की कमियों को देखता है तो ज़रूर अज्ञानी है।

16. ज्ञानी अपने कर्मों को धर्म है या नहीं? देखता है। दूसरे लोगों क्या सोचते है, वह उसे नहीं सुनता है। ना ही सोचता है। सिर्फ जो कर्म किया है वह सही है या गलत, को देखता है।

लेकिन अज्ञानी दूसरे लोगों क्या सोचते हैं? वह इस को सुनकर, और जो काम करना था वह भी नहीं करेंगे।

17. ज्ञानी अरिषद वर्गों को सीमित रखता है। लेकिन अज्ञानी सीमित नहीं रखता है । मतलब काम, क्रोध, लोभ, मोह, मध, और माश्चर्य, सीमित नहीं रहता है।

18. ज्ञानी को त्रिकरण शुद्ध होता है। लेकिन अज्ञानी को नहीं होता है।

19. ज्ञानी को धर्म मालूम है । और आचरण में भी होता है। लेकिन अज्ञानी को ना धर्म मालूम है, ना हीं उसका आचरण करता है।

20. ज्ञानी द्वंदों में समस्थिति रखता है। मतलब जीत - हार, ठंडा - गर्मी, निंदा- स्तुति, सुख-दुख, सम्मान - अपमान । लेकिन अज्ञानी को समस्थिति नहीं होता है ।

21. ज्ञानी को अपने बातों पर होश होता है, और कंट्रोल होता है। लेकिन अज्ञानी को दोनों नहीं होता।

22. ज्ञानी सृष्टि का नियमों, धर्म सिद्धांतों को जानता है । उसी प्रकार जीता है। लेकिन अज्ञानी नहीं जानता है और ना हीं जीता है।

23. ज्ञानी सृष्टि के अनुसार जीता है। लेकिन अज्ञानी सृष्टि के विरुद्ध जीता है। क्योंकि वह सब जानता नहीं है।

24. ज्ञानी सृष्टि का नियमों को गौरव करता है। लेकिन अज्ञानी सृष्टि का निर्णय को गौरव नहीं करता है और ऊपर विमर्श करता है। ऐसे करके वह सृष्टि को अपमानित करता है और नष्ट होता है ।

देखिए अगर ज्यादा बारिश होता है कुछ लोग क्या कहेंगे ? गाली देते हैं।

लेकिन उनका क्या मालूम सृष्टि यह क्यों कर रहा है ?

इसी प्रकार ज्यादा गर्मी होने पर भी गाली देते हैं। गर्मी में लोग मर रहे हैं करके बोलते हैं । ऐसे विषयों पर सृष्टि को विमर्श करते हैं ।

लेकिन इस सृष्टि में जो कुछ हो रहा है वह सब को गौरव देना चाहिए। लेकिन अज्ञानी सृष्टि को अपमान करता है, और बहुत नष्ट होता है।

इसलिए अगर आप इन सारे विषयों में कुछ पालन नहीं कर रहे हैं, मतलब आपको उन पर अवगाहन नहीं है।

इसलिए उन पर अवगाहन बढ़ाना चाहिए ।

देखिए अज्ञानी धर्म को पालन नहीं करता है। क्योंकि उसको धर्म के बारे में जानता नहीं। और धर्म को नहीं पालन करने पर उसका नष्ट भी नहीं जानता है । उनका परिणाम कितना कठिन होगा, उनको मालूम नहीं है ।

इसलिए ऊपर वाले विषयों पर कुछ पालन नहीं कर पा रहे हैं, तब उसको पढ़ना चाहिए । सृष्टि के नियमों और सिद्धांतों पर अवगाहन होना चाहिए । अगर नहीं है तब जानना चाहिए और पालन करना चाहिए । यह सब ज्ञानी लोगों को समझ आता है।

इसलिए ज्ञान प्राप्त कीजिए । आध्यात्मिक त्रिरत्नों को आचरण में लाइए ।

ज्ञान प्राप्त करने से क्या-क्या लाभ है ?

यह ज्ञान हमारे साथ में आती है , इसलिए इसके ऊपर किसी को भी आशक्ती रहना चाहिए तो, पहले उसको प्राप्त करने में, क्या-क्या लाभों है, उनके बारे में जानते हैं ।

इस ज्ञान मार्ग में लाखों लोग आ चुके हैं। लेकिन बहुत ही कम लोग इस ज्ञान पाने को प्रामुखता दिखाते हैं । क्योंकि ध्यान में आने वाले बहुत लोग अपने देह लाभों के लिए, या इच्छाओं को पूरी करने के लिए, या अपनी समस्याओं, और अनुभवों पाने के लिए , या शक्ति को बढ़ाने के लिए प्रामुखता देते हैं । मुझे वह दिखा, यह दिखा , पिछले जन्म देखा, मुझे तीसरी आंख खुल गई, ऐसे कुछ बातें बताते हैं। लेकिन ध्यान इन सब चीजों के लिए बिल्कुल नहीं करते हैं। ध्यान करते हैं, सिर्फ ज्ञान प्राप्त करने के लिए। यह सब बीच में आते ही रहते है, जब हम ज्ञान प्राप्त करने के प्रयास में है।

उदाहरण के लिए, अगर राइस मिल में चावल निकालना है तब हमें पहले उस फसल को डालते है। लेकिन बीच में आने वाले छिलके और पाउडर के लिए नहीं न? अगर कोई भी बीच में आने वाले छिलके के लिए वह इंतजार करेंगे और उसी से खुश होगा, तब उस आदमी को क्या कहना?

इसी प्रकार ध्यान करने वालों को देखना है की ज्ञान प्राप्त हुआ कि नहीं। यह नहीं देखना है कि उसको कष्टों दूर हुआ था नहीं, या कुछ इच्छाओं पूरी हुआ, क्या अनुभव मिला था, यह कुछ लाभ हुआ, मतलब.....वह सब बड़े-बड़े लाभ है क्या? ध्यान करने के बाद, ज्ञान प्राप्त करने से पहले, यह सब सहज रूप से हो जाते हैं। यह सब साइड प्रोडक्ट्स है।

जब फसल को यंत्र में डालते हैं, चावल असली प्रोडक्ट है, बाकी सब साइड प्रोडक्ट्स है। मगर चावल के इंतजार नहीं कर कर, सिर्फ, साइड प्रोडक्ट से ही संतुष्ट हो जाएगा, तब उस आदमी को क्या कहना है ? वह मूर्ख है न? जो असली प्रोडक्ट को छोड़कर, साइड प्रोडक्ट से संतुष्ट हो रहा है।

इसी प्रकार ध्यान करते वक्त ज्ञान प्राप्त करने से पहले, आने वाले सारे साइड प्रोडक्ट्स है। असली प्रोडक्ट है 'ज्ञान'। इस 'ज्ञान' के अलावा, कुछ और लाभ के लिए देखने वाला, या रोग को ठीक करने वाला, उस को कम बुद्धि वाला और मूर्ख कहते है।

इसलिए ज्ञान का महानता अभी जानते हैं। ज्ञान प्राप्त करने से लाभों के बारे में नहीं जानते हैं। इसलिए रोगों को ठीक करने पर, या संपत्ति इकट्ठे करने पर, ध्यास रखते हैं, संसार पर ध्यास रखते हैं। लेकिन कोई भी ज्ञान पर ध्यास नहीं रखते हैं। इसलिए पहले इस ज्ञान प्राप्त करने से लाभों के बारे में जानते हैं।

ज्ञान प्राप्त करने से मुख्यतः दो तरह की लाभ होते हैं।

1. इस लोक में प्राप्त करने वाले लाभों।

2. परलोक में प्राप्त करने वाले लाभों ।

यह दोनों के बारे में जानने से पहले, ज्ञान का मतलब जानते हैं ।

ज्ञान का मतलब, 'जो है, उसको जानना है'। इस ज्ञान का पराकाष्ठ है, 'विज्ञान'। विज्ञान का मतलब, जिसको जाना उसको आचरण में लाना है।

तब इस सृष्टि में क्या है? एक ही है। वह है 'आत्मा'। 'आत्मा' को जानना ही 'ज्ञान' है। पत्री जी कहते हैं कि, 'मैं देह नहीं हूं, मैं आत्मा हूं', को जानना ही, 'ज्ञान' है । क्योंकि यह सृष्टि में एक ही है। 'आत्मा'। उस आत्मा को जो जानता है, वही है ज्ञानी ।

बाकी सब लोग अज्ञानी है। जो आत्मा को जानता है, वह अपनी समस्याओं से, और कठिनाइयों से, और दुख से बाहर निकलता है। जो नहीं जान सकते हैं, वह अज्ञानता में है। वह जितने भी जन्म लेंगे, वह अनंत दुख सागर में और नरक का अनुभव करता रहता है।

इसलिए इस 'ज्ञान' प्राप्त करने से, आने वाले लाभों के बारे में जानते हैं ।

1. इस लोक में प्राप्त होने वाले लाभों :

1.ज्ञानी को स्पष्ट होता है कि वह देह नहीं है बल्कि आत्मा है। और न केवल खुद आत्मा है सारे लोग आत्मा ही है, का समझ आता है।

2. ज्ञानी जब जानता है कि सब आत्माएं हैं, उसको समझ आता है कि सब एक ही है और समान है।

जैसे अन्नामाचार्य जी ने कहा है न? ब्र्मं और परब्र्मं एक ही है, आगे कहते हैं कि ....

'कोई भी अधिक नहीं, और ना कोई हीन है क्योंकि सब के अंदर श्रीहरि ही अंतरात्मा है'।

मतलब इस सृष्टि में हीन जाती और अधिक जाती, कुछ नहीं है। हीन आदमी या अधिक आदमी, कोई नहीं है। मतलब सबके अंदर श्री हरि ही अंतरात्मा है। जब ज्ञानी को यह समझ आता है वह ना किसी को द्वेष करता है, किसी को अपमान, या नष्ट नहीं करता ,और ना ही किसी को कष्ट देता है।

3. ज्ञानी किसी जीव को हिंसा नहीं करता है।

और मुख्यतः मांस नहीं खाता है । इसलिए उसको रोग और कष्ट नहीं होता है ।

4. ज्ञानी को जीवन में कष्ट नहीं होता है। अगर है भी तो, उनको आराम से या संतोष से अनुभव करता है।

5. ज्ञानी सब प्राणियों के साथ, और मानव के साथ दोस्ती बनाता है।

तभी जब ऐसे लोग जंगल में तपस्या करते हैं, और कोई भी जानवर उनको कुछ नहीं करता है।

6. ज्ञानी इस देह को ज्यादा प्रामुखता नहीं देता है। क्योंकि उसको मालूम है कि वह शाश्वत नहीं है। और इस देह से आत्मा को लाभदायक कर्मों ही करता है।

7. ज्ञानी 'श्वास पर ध्यास' रखकर कठोर ध्यान साधना करता है।

8. ज्ञानी समय को बर्बाद नहीं करता है । न केवल समय, अपना धन, वाक , शक्ति और बुद्धि को, और जीवन को बेकार नहीं करता है। सब चीज़ें,

अपना आत्मा का उन्नति के लिए उपयोग करता है।

9. ज्ञानी माया के ऊपर विजय प्राप्त करता है। और माया से बाहर निकल जाता है।

10. ज्ञानी, ज्ञान प्राप्त करने से सारे कर्मों को दग्ध करता है। और दुःख से बाहर, आ जाता है।

11. ज्ञानी को मालूम है कि वह आत्मा है और उसको मालूम है कि वह नहीं मरेंगे।

12. ज्ञानी मौत से नहीं डरता है। क्योंकि उसको मालूम है किसी को मौत नहीं है।

13. ज्ञानी मरने के बाद का जीवन के बारे में पहले ही जानता है। इसलिए जीवन में बहुत लाभ उठाता है।

14. ज्ञानी पृथ्वी पर सिर्फ मरने के बाद आत्मा को लाभदायक वाले कर्मों ही करता है।

15. ज्ञानी को मालूम है की मौत लाभदायक है। क्योंकि ज्ञानी उच्च लोकों में पहुंचता है। बाद में महान जन्मों लेता है। इसलिए मौत से नहीं डरता है।

मरने के लिए तैयार रहता है और बता कर भी मरता है।

16. ज्ञानी को मरने के बाद मालूम होता है क्या होगा, इसलिए जीवन में सब चीज पर ममकारें छोड़ देता है। मुख्यतः अपनी पत्नी, या पति, या बच्चों पर, धन पर, ममकारें छोड़ देता है।

17. ज्ञानी को सब मालूम है, इसलिए मौत भी त्यौहार है।

18. ज्ञानी लोगों का व्यवहार, कर्मों, प्रामुखतायें, और जिम्मेदारियां, और बातें भी बदल जाते हैं ।

19. ज्ञानी को हर प्रकार का भौतिक विषयों पर व्यामोहों को छोड़ देता है। मतलब पदों पर, अवार्ड, रिवॉर्ड, मेडल आदि पर व्यामोह नहीं होता है। और इन विषयों के लिए अपना जीवन बेकार नहीं करता है।

20. सबसे अधिक या महान होने का इच्छा नहीं रखता है, ज्ञानी। और इस विषय पर अपना जीवन बेकार नहीं करता है। और ना पाप करता है, ना गलतियां करता है, ना ही अधर्म का व्यवहार करेगा।

21. ज्ञानी अपने साथी लोगों को ज्ञानी बनाने को कोशिश करता है। इसलिए सबका गौरव पाता है।

इसलिए ज्ञानी को, इस पृथ्वी पर सारे लाभों ही है।

2. परलोक में प्राप्त होने वाले लाभों :-

1. ज्ञान प्राप्त करने से उनको सब पर ममकार छोड़ देता है इसलिए मरने के बाद पृथ्वी को भी छोड़ देता है उसको मालूम है कि पृथ्वी पर उसका काम खत्म हुआ है और वह अपने सहायकों, जो लेने आते हैं, उनके साथ चले जाते हैं।

2. उनको मालूम है कि उनकी पत्नी, बच्चों या धन, संपत्ति, शाश्वत नहीं है। इसलिए उन पर ममता नहीं रखता है इस ज्ञान प्राप्त करने से ऊपर लोकों को चले जाने से प्रेत आत्मा नहीं बनता है। उस ऊपर लोकों को जाकर अपने आगे की कार्यों पर दृष्टि रखता है। इसलिए बहुत समय का बचाव करता है। नहीं है तो अगर वह प्रेत आत्मा बन जाता है, बहुत हजारों साल भी नष्ट कर सकता है ।

3. ज्ञानी अपना जीवन का लक्ष्य पूर्ण आत्मा बनना है को जानता है और अपना जीवन का गम्य स्थान, सत्य लोक पहुंचना है यह भी जानता है

4. ज्ञान प्राप्त करने से उनको मालूम पड़ता है इस संसार में बहुत सारे लोकों है। मुख्यतः अपने को ऊपर लोक जैसे महा लोक, तपोलोक, पहुंचना ही नहीं उसके ऊपर सत्य लोक पहुंचना अपना अंतिम लक्ष्य है।

5. ज्ञान प्राप्त करने से जनालोक पार कर, ऊपर लोक में महान लोगों का सांगत्य मिलेगा और उनसे बहुत ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। यह सब भविष्य में उनको बहुत काम आएगा। यह विषयों को जानता है।

6. ज्ञानी ऊपर लोकों में जाता है, इसलिए अगला जन्म अपनी इच्छा से जन्म लेने का अवसर मिलता है, यह विषय जानता है।

7. आत्मज्ञानी प्राप्त करने वालों को, इस पृथ्वी पर जहां रहते हैं उनको मालूम होता है कि, यह परलोक है।

इस प्रकार ज्ञान प्राप्त करने से न केवल इस लोक में, परलोक में भी बहुत सारे लाभ मिलता है । अपना लक्ष्य को प्राप्त करता है, और गम्य स्थान पहुंचता है। इसलिए जो शाश्वत नहीं है उसको प्रामुखता नहीं देता है। साथ में आने वाले विषयों पर, रहने वाले विषयों पर प्रामुखता देता है ।

तब महर्षि वशिष्ठ जी का कहा हुआ आध्यात्मिक त्रिरत्नों ,

1. श्वास पर ध्यान।

2. आध्यात्मिक पुस्तकों का पठन।

3. आध्यात्मिक गुरुओं का प्रवचन सुनना या संदेशों सुनना।

यह सब हर रोज़ करना चाहिए। अपना खाली समय ज्ञान प्राप्त करने के लिए उपयोग करना है । मौज, मस्ती के लिए और समय बिताने के लिए, उपयोग नहीं करना है । इसलिए कोई भी अपने साथ में आने वाले विषयों को प्रामुखता देना चाहिए ।

श्री तटवर्ती वीरा राघवराव का हिन्दी किताब

1)	आत्म शास्त्र ।	Rs.200/-
2)	ध्यान विद्या ।	Rs.160/-
3)	भगवद् गीता का सार ।	Rs.160/-
4)	एक और जन्म ।	Rs.160/-
5)	सत्य मार्ग ।	Rs.160/-
6)	'गाइडिंग' ध्यान क्यों नही ?	Rs.120/-
7)	भगवान कौन हैं।	Rs.120/-
8)	कर्म सिद्धांत ।	Rs.120/-
9)	विज्ञान का अर्थ - निहितार्थ	Rs.120/-
10)	मरने से पहले मरना है।	Rs.130/-
11)	ब्रह्म ज्ञान।	Rs.100/-
12)	यह जीवन क्यों हैं ?	Rs.100/-
13)	मरने के बाद, साथ में आने वाले विषयों ।	Rs.80/-
14)	भागवत के दृश्यों का अर्थ	Rs.80/-
15)	दुख निवारण का मार्ग	Rs.75/-
16)	आर्थिक स्थिति बढ़ाना है तो ?	Rs.60/-
17)	क्या हम इस लोक के वासी हैं या परलोक के वासी हैं?	Rs.50/-

For Books Please Contact :

TATAVARTHI VEERA RAGHAVARAO

BHIMAVARAM. Ph: 94403 09812

इस जन्म में कष्ट कर कर हमने जो हासिल किया है वह बेकार नहीं होगा। इस जन्म में जो भी सीखा है, हासिल किया है, वह अगले जन्म में उपयोग होगा। कुछ भी बेकार नहीं होगा। सब समझते हैं कि मरने के बाद कुछ भी नहीं रहेगा। लेकिन मरने के बाद भी, हम रहेंगे। हमारा कर्मों और जो भी हासिल किए हैं, वह सब साथ में आएंगे ।

इसलिए जानते हैं क्या-क्या विषय है जो हमारे साथ में आने वाले हैं। और हमारे साथ में आने वाले विषय चार प्रकार के होते हैं।

1. वासनाएं, 2. संस्कार, 3.कर्मों, 4.ज्ञान

यहां वासनाएं है मतलब एक प्रकार अपने इच्छाओं कह सकते हैं। संस्कारों मतलब अपना आदतें । कर्मों मतलब अपना किए हुए काम और बातें। ज्ञान मतलब जो आत्मा को लाभ देने वाले , आत्मा की उन्नति देने वाले।

यह सब अपनी आंखों को नहीं दिखता, लेकिन मरने के बाद, साथ में आएंगे।

Rs .80/-